हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 26 अगस्त 2025

04 अभिभाषक संघ ने किया एसपी गहलोद का सम्मान


07 बुंदेलखंड विकास सेना ने स्मार्ट मीटर के विरोध में ...




## खबर संक्षेप में

### सुहागिन महिलाएं आज रखेंगी निर्जला व्रत

**नलखेड़ा।** नगर में हरतालिका तीज के पर्व पर मंगलवार को सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखा जायेगा, शिव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना की जावेगी। कुंवारी कन्याओं द्वारा भी अच्छे वर की कामना को लेकर इस व्रत को रखा जावेगा। हरतालिका तीज हिंदू धर्म का एक पावन त्यौहार है,महिलाओं द्वारा यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन के रूप में मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, प्रत्येक वर्ष भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज मनाई जाती है. हरियाली तीज की ही तरह इस व्रत को भी विवाहित महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य की कामना के लिए यह व्रत रखती हैं. वहीं अविवाहित लड़कियां अच्छे वर की कामना के लिए इस व्रत को रखती हैं। मान्यता है कि संतान सुख भी इस व्रत के प्रभाव से मिलता है। नगर में हरतालिका तीज का पर्व मंगलवार को मनाया जावेगा। सुहागिन महिलाओं द्वारा सौलह श्रृंगार कर निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना भगवान शिव और माता पार्वती से कर उनकी पूजा अर्चना की जायेगी, बुधवार सुबह सभी सुहागिन महिलाएं एवं कुंवारी कन्याओं द्वारा जिन्होंने निर्जला व्रत रखा इस व्रत को खोला जाएगा ।

### बाबा रामदेव का जन्मोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया


# ‘खम्मा खम्मा हो रामा रुनिजे रा धणिया, अजमल घर अवतार लियो’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

## टीकोन धाम पर महाआरती कर प्रसादी का वितरण हुआ

जन-जन के आराध्य लोकदेवता बाबा रामदेवजी का जन्मोत्सव कार्यक्रम सोमवार को नगर सहित अंचल के ग्रामों में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया।

टीकोन में हुए आयोजन में 20 हजार से अधिक रामदेव भक्तों ने भाग लेकर रामदेवजी के दर्शन कर अपनी मनोकामना की पूर्ति हेतु प्रार्थना की तथा महाआरती एवं प्रसादी का लाभ लिया। इसी के साथ नगर सहित तहसील के कई ग्रामो में भी रामदेव जी का जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया तथा सभी स्थानों पर निशान व झंडे के साथ रामदेवजी की झांकी सजा कर चल समारोह निकाले गये। तहसील के ग्राम टीकोन में सोमवार को रामदेवजी का जन्मोत्सव कार्यक्रम हर्ष उल्लास तथा धूमधाम से मनाया गया। रामदेव जी के स्थान (मंदिर) पर प्रातः हवन, पूजन व महाआरती का आयोजन हुआ। रामदेव धाम के गुरुजी द्वारा आरती कर भक्तों को आर्शीवाद प्रदान किया गया। तत्पश्चात यहां से झंडे व निशान का जुलूस प्रारंभ हुआ। इसमें बाबा की गादी पर विराजीत शिवनारायणजी पाटीदार ह्यगुरुजीह्य जिन्हे भक्त ह्यबाबाह्य के नाम से भी सम्बोधित करते है, वह अश्व पर सवार होकर अपने भक्तों को आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे। जुलूस में भक्त बाबा रामदेव के जय-जयकारो से आकाश गुंजायमान करते हुवे, नाचते-गाते साथ चल रहे थे।





### निशान व झंडा चढाया गया

रामदेव मंदिरजी से प्रारंभ हुआ जुलूस बाबा के निवास स्थित रामदेव जी के स्थान पर पहुचां, जहां पर निशान व झंडा चढाया गया। इसके बाद रामदेवजी की शोभायात्रा पूरे ग्राम में निकाली गई, जो सम्पूर्ण ग्राम का भ्रमण के पश्चात रामदेवजी के स्थान पर पहुंची, जहां पर आरती के पश्चात सभी भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया। बाबा के दरबार में कथा का सात दिवसीय कार्यक्रम भी रखा गया था जिसकी पुर्णाहूति भी हुई। जन्मोत्सव के अवसर पर धाम स्थित बाबा के दरबार को फूलों से सजावट कर भक्तो नें वहां श्रद्धा के फूल चढांये। तथा जन्मोत्सव की खुशियां मनाई। इस अवसर पर विशाल भंडारे का कार्यक्रम हुआ जिसमें 20 हजार से अधिक भक्तों द्वारा प्रसादी का लाभ लिया गया।

## भंडारे का हुआ आयोजन

# बाबा रामदेव जन्मोत्सव पर ध्वज यात्रा का चल समारोह निकाला गया



**नलखेड़ा।** बाबा रामदेव जन्मोत्सव पर नगर में स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन हुवे। स्थानीय बल्डावदा रोड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर बाबा के जन्मोत्सव पर बाबा रामदेव सेवाधाम समिति द्वारा दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किये गए। नगर के बल्डावदा मंदिर पर स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रविवार को रात्रि 8 बजे से जम्मा जागरण हुआ जिसमें बाबा के एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। इन भजनों पर भक्त देर रात तक थिरकते रहे। सोमवार को प्रातः 9 बजे से श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से ध्वज यात्रा का चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में एक सुज्जित रथ पर बाबा रामदेव जी की प्रतिमा विराजित थी। वहीं बाबा के सेवक गणेशलाल सोनी हाथ में बाबारी ध्वजा लेकर चल रहे थे। मार्ग में स्थान स्थान पर बाबारी भक्तों के साथ नगरवासियों द्वारा रामदेव प्रतिमा के साथ ध्वज पूजन किया गया।साथ ही बाबा के सेवक श्री सोनी को तिलक कर श्रीफल व नगदी भेंट की गई। ध्वज यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई बाबा रामदेव मंदिर पहुंची। प्रातः 11 बजे से मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण की गई। दोपहर 1.30 बजे बाबा को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। बाबा के जन्मोत्सव पर दिनभर बाबा के दर्शनार्थ भक्तों का तांता लगा रहा। इसके साथ ही नगर के गोविंदपुरा, काछी मोहल्ला आदि स्थानों पर स्थित बाबा रामदेव मंदिरों पर भी भंडारे, महाआरती के आयोजन हुए।



## नलखेड़ा नगर में बाबा रामदेवजी के जन्मोत्सव की धूम

**नलखेड़ा।** नगर के रामपुरा मोहल्ले में बाबा रामदेवजी के अनुयायियों द्वारा नगर में बाबा रामदेवजी की झांकी के साथ चल समारोह निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में बाबारी भक्तों के साथ उनके अनुयायियों तथा महिलाओं द्वारा भाग लिया गया। चल समारोह में डीजे बैंड पर बज रहे बाबा रामदेवजी के भजनों पर युवा एवं महिलाएं नाचती थिरकते चल रही थी। स्थान - स्थान पर नगर वासियों द्वारा भी पूजा अर्चना की गई।

## कचनारिया में भी बाबा रामदेवजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



**नलखेड़ा।** रामदेव बाबा के जन्मोत्सव पर तहसील के ग्राम कचनारिया स्थित बाबा रामदेव मंदिर में भी रामदेव जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बाबारी भक्तों द्वारा हवन अनुष्ठान कर ग्राम में ध्वज यात्रा निकाली गई। जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार की प्रातः हवन पूजन के साथ बाबा का अभिषेक किया गया। ग्राम में ध्वज यात्रा निशान बनोरी निकाली गई।बाबा के सैकडो भक्तो ने मंदिर में हवन, पूजन कर महाआरती की एवं मंदिर मे निशान व झंडे चढाये गये। रामदेव भक्त मंडल के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमो के साथ भडारे का आयेजन भी किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया गया। जन्मोत्सव के इस मौके पर भक्तो ने जमकर रंग गुलाल उड़ाकर जन्म की खुशियां मनाई।

## बाबा रामदेव जी की दूज पर हुए कई धार्मिक आयोजन



**कानड़।** भादवा की दूज पर नगर साहित अंचल में बाबा रामदेव जी की दूज सोमवार को बड़े ही धूमधाम से मनाई गई । बाबा रामदेव जी भगवान का नगर मे एक मात्र स्थान राठौर समाज की बावड़ी पर स्थित रामदेव जी का मंदिर है जहां रामदेव जी की दूज पर बड़ी धूम धाम से उत्सव मनाया गया।मंदिर परिसर को गुब्बारे से सजाया गया वही बाबा रामदेव जी का फूलों से आकर्षक श्रंगार किया गया बाबा को ध्वजा व प्रसाद भी चढ़ाई गई।सुबह से भक्त पूजा अर्चना के लिए पहुंचे मंदिर के पास ही महिलाओं द्वारा बाबा रामदेव जी के भजन कीर्तन आयोजित किया गया। साथ ही सभी भक्तों को प्रसाद के स्वरुप मे खीर वितरण किया गया। बाबा रामदेव के दर्शन एवं पूजापाठ का दौर देर शाम तक चलता रहा। समिति के सदस्य अनिल राठौर, कमल राठौर,दीपक राठोर, पवन राठोर, पवन बीजापारी, विष्णु बीजापारी, ईश्वर बीजापारी,अशोक विश्वकर्मा, मुकैश राठोर, अर्जुन कुम्भकार,अशोक कुम्भकार,सुरेश राठोर,सोनू राठोर द्वारा प्रतिवर्ष यहां पर रामदेव जी के दूज पर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

## शा. महाविद्यालय में सिद्ध माटी गणेश हर घर गणेश के तहत प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा




सोमवार को उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में ₹ माटी गणेश - सिद्ध गणेश₹ हर घर गणेश के अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजन किया गया । जिसमें सर्वप्रथम माटी के गणेश पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक प्रकाश शर्मा द्वारा हर घर गणेश, घर- घर गणेश, माटी गणेश अभियान की जानकारी दी गई एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए माटी गणेश की उपयोगिता बताई गई एवं प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण एवं जल प्रदूषण के बारे में बताया ओर कहा कि इससे सभी प्रकार की जीव संकट में है। सिद्ध गणेश माटी गणेश के अंतर्गत घर में घर -घर माटी गणेश की स्थापना पर जोर देकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। परामर्शदाता सुरेश दसावत द्वारा नगर के आसपास ग्राम में इस अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्य की जानकारी दी गई तथा छात्रों को इस अभियान हेतु प्रेरित किया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम सेमली के अध्यक्ष बद्रीलाल धाकड़ द्वारा विद्यार्थियों को माटी के गणेश की प्रतिमा बनाकर रासायनिक उत्पादों, केमिकल कलर से होने वाले प्राकृतिक असंतुलन के बारे में बताया गया । कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ.जी. एल. रावल द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि बाल गंगाधर तिलक द्वारा सर्वप्रथम गणेश उत्सव के आयोजन की स्थापना की गई थी लेकिन आज मूर्तियो में केमिकल का इस्तेमाल होने से कहीं ना कहीं पर्यावरण, जीव -जंतु एवं प्राकृतिक प्रदूषण को बढ़ावा दे रही है। आज पूरे समाज को विद्यार्थियों के माध्यम से घर-घर में माटी गणेश की स्थापना के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए और उनका प्रशिक्षण कर अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान में जोड़ने के लिए विद्यार्थियों को संकल्प दिलवाया गया।

## गुरुकुल स्कूल की विभूति शर्मा और आरती ने की विज्ञान मंथन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों का विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में नित्य नए कीर्तिमान स्थापित किये है। इसी श्रृंखला में आगर मालवा जिले से केवल 2 विद्यार्थियों का चयन अगस्त माह में होने वाली 4 दिवसीय विज्ञान मंथन यात्रा में किया गया था। जिसमें चयनित होने वाले सभी छात्रा कक्षा 8वीं की छात्रा विभूति शर्मा और आरती सिसोदिया गुरुकुल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल से है, जिनका चयन 2025-26 मे आयोजित होने वाली विज्ञान मंथन यात्रा के लिए हुआ था ।

इस यात्रा में चयनित होने के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने वाले विज्ञान शिक्षक शैलेंद्र कसेरा ने बताया कि मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं को वैज्ञानिक शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष विज्ञान मंथन यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस 4 दिवसीय यात्रा के लिए पूरे मध्यप्रदेश से कक्षा 8वीं और 9वीं के मेधावी छात्र छात्राओं का चयन प्रतियोगिता माध्यम से किया जाता है। जिसमें प्रदेश के विद्यार्थियो को राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशालाओ एवं शोध संस्थानों के अवलोकन के साथ विश्वप्रसिद्ध विख्यात वैज्ञानिकों के साथ संवाद का अद्वितीय अवसर प्रदान किया जाता है। इस वर्ष योजनानुसार चयनित विद्यार्थियों को 18 अगस्त से 21 अगस्त तक 4 दिवसीय इस यात्रा में विक्रम साराभाई कम्युनिटी साइंस सेंटर अहमदाबाद , क्रिएटिव लर्निंग सेंटर आईआईटी गांधी नगर , अंतरिक्ष एप्लिकेशन सेंटर अहमदाबाद, राष्ट्रीय पादप जीनोम




अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली ,राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र पुणे, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली , भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा नई दिल्ली आदि राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशालाओं और शोध एवं अनुसंधान संस्थानो के वर्चुअल भ्रमण और प्रमुख वैज्ञानिकों से विज्ञान संबंधी जिज्ञासा के बारे में सीधे संवाद का अवसर प्राप्त हुआ और इस वर्चुअल यात्रा के बाद मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देने के लिए ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 22 अगस्त को किया गया। जिसमें मेरिट में आने वाले छात्रों को 5 वर्षो तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके पूर्व भी अप्रैल माह में स्कूल के रोहित मालवीय, लाक्षिका रावल और वैदिक पालीवाल को इसी यात्रा में दिल्ली और चंडीगढ़ की राष्ट्रीय प्रयोगशालाओ और शोध संस्थानों में अवलोकन करने और वैज्ञानिकों से संवाद का अवसर प्राप्त हुआ था। विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 में शाजापुर जिले से चयनित होने स्कूल के दोनों छात्राओं की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्राचार्य कमल किशोर पाटीदार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त कर चयनित विद्यार्थियों को शुभकामना प्रदान की।

### गणेश चतुर्थी पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं की होगी स्थापना


# गणेशोत्सव के लिए गणेश जी की मूर्तियों को मूर्तिकार दे रहे हैं अंतिम रूप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

बुधवार से 10 दिवसीय गणेशोत्सव प्रारम्भ हो जाएंगे। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना होगी। इसी के चलते नगर में मूर्तिकारों द्वारा गणेश जी की मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर के भगतसिंह मार्ग पर मूर्तिकारों द्वारा बड़ी संख्या में गणेश प्रतिमाएं तैयार की गई है जिन्हें अब रंग रोगन कर अंतिम रूप दिया जा रहा है। मूर्तिकार मंटू प्रजापति एवं दीपक प्रजापति ने बताया कि इस वर्ष प्रतिमाओं की अच्छी बिक्री होने की उम्मीद के चलते गणेश प्रतिमाओं का बड़ी संख्या में निर्माण किया गया है।जिन्हें अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। जितनी भी मूर्तिया बनाई गई थी वे सभी बिक चुकी है। गौरतलब है कि नगर के मूर्तिकारों के द्वारा बनाई गई प्रतिमाएं समीपस्थ जिलों शाजापुर, राजगढ़ व देवास के साथ ही समीपवर्ती राज्य राजस्थान में भी जाती है। इन स्थानों के ऑर्डर समय से पूर्व ही मूर्तिकारों को मिल जाते है। मूर्तिकारों द्वारा तैयार की गई छोटी मूर्तियां खेरची व्यापारियों द्वारा अभी खरीद ली गई है वही बड़ी मूर्तियों के ऑर्डर भी काफी आ चुके है। जिनकी डिलेवरी देना प्रारम्भ किया जा चुका है।

### बहुमुखी प्रतिभा के धनी विजय माहेश्वरी बना रहे मिट्टी की गणेश प्रतिमा



**नलखेड़ा।** पर्यावरण संरक्षण के लिए गणेशोत्सव में मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के लिए नगर के बहुमुखी प्रतिभा के धनी विजय माहेश्वरी मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बना रहे है। साथ ही वे नागरिकों व बच्चों को भी मिट्टी की प्रतिमाएं बनाना सीखा रहे है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर गणेशोत्सव में मिट्टी की प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर नागरिक जागरूक हो रहे है। इसी को लेकर विगत कई वर्षो से मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बनाने वाले नगर के निवासी, बहुमुखी प्रतिभा के धनी विजय माहेश्वरी द्वारा इस वर्ष भी कई दिनों पूर्व से मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। प्रतिमाएं बनाने के बाद उन पर रंग रोगन भी वे स्वयं ही कर रहे है। श्री माहेश्वरी ने बताया कि उनके द्वारा लगभग एक पखवाड़े पूर्व से ही मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बनाना प्रारम्भ किया जा चुका है। उन्हें जब भी फुरसत मिलती है वे यह कार्य करने लग जाते है। उन्होंने बताया कि इस दौरान कोई भी नागरिक अथवा बच्चें मिट्टी की प्रतिमा बनाना सीखने आते है तो उन्हें वे निशुल्क सिखाते भी है। गौरतलब है कि श्री माहेश्वरी विगत कई वर्षो से इस प्रकार की प्रतिमाएं बना रहे है।

## खबर संक्षेप

### अखंड ज्योत का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**चापडा।** ग्राम लसुड़िया लाड़ से जाट समाज द्वारा विगत तीन वर्षों से लगातार पैदल अखंड दिव्य ज्योत पैदल यात्रा का आयोजन किया जाता है। इसी के चलते इस वर्ष से भी राजस्थान में स्थित सुरसुरा से भगवान तेजाजी महाराज की अखंड ज्योत लेकर जाट समाज के युवा यात्रा के लिए रवाना हुए, जो की लगभग 600 किमी का सफर पैदल तय कर सोमवार की सुबह चापडा नगर पहुंचे। जहां चौराहे पर सचिव ओम प्रकाश सारण एवं अन्य जाट समाज के लोगों द्वारा दिव्य ज्योत का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान दिव्य ज्योत का तिलक लगाकर पूजन किया गया और सुख शांति की कामना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में जाट समाज सहित अन्य समाज के लोगों यात्रा में सम्मिलित हुए। इसी दौरान नेमावर रोड पर आयोजित राम रसोड़ा समिति सहित मोखाप्पिल्या, मातमोर, लसुड़िया लाड़ में भी दिव्य ज्योत का भव्य पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मनीष जाट ने बताया कि लसुड़िया लाड़ में दूज से तेजाजी दशमी तक प्रतिदिन शाम को भंडारे का आयोजन होगा।

### नागरिकों को बिना पूर्व सूचना के निगम वसूल रहा है सीवरेज चार्ज

**देवास।** नगर पालिक निगम द्वारा मई 2023 से जुलाई 2025 तक सीवरेज चार्ज का बिल बिना किसी पूर्व सूचना के दिया जा रहा है। पूर्व से ही शहर के नागरिक संपत्तिकर, शिक्षा उपकर, जलकर, कचरा शुल्क, लाइसेंस शुल्क दे रहे हैं। वर्तमान में सीवरेज चार्ज के नाम से दो वर्ष के एक मुश्त राशि के बिल दिये जा रहे है, जिसकी कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई है कि सीवरेज का चार्ज लगेगा। नगर निगम शहरवासियों के साथ धोखा कर रही है क्योंकि यदि सीवरेज चार्ज लिया जाना था तो सीवरेज लाईन डालने से पहले नागरिकों को इसकी जानकारी दी जाना चाहिये थी जिस प्रकार से कचरा गाड़ी चालू करने से पहले नागरिकों को दी गई थी। शहर में पूरी तरह से सीवरेज लाईन नहीं डली है और कई जगहों पर सीवरेज बंद पड़ी है जिसके कारण लोगों के घरों में नाली का गंदा पानी घुस रहा है।

### भारतीय किसान संघ ने मंडी परिसर में दिया धरना, जिले के किसान हुए शामिल

# किसानों ने सैटेलाइट पद्धति से किए जा रहे फसलों के सर्वे का किया विरोध

किसान बीमा क्लेम से है नाराज, किसानों ने फसल कटाई पद्धति से सर्वे कर मुआवजे की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारतीय किसान संघ ने सोमवार को अनाज मंडी में धरना प्रदर्शन आयोजित किया। किसानों का कहना है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट पद्धति से फसल नुकसान का सटीक आकलन नहीं हो पा रहा है। जिले के किसानों को वर्ष 2024 में खरीफ की सोयाबीन फसल और 2023 में रबी के गेहूं में हुए नुकसान का नाममात्र बीमा मिला है। किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। फसल नुकसानी का मुआवजा दिया जाए किसान संघ की प्रमुख मांगों में फसल बीमा योजना में रिमोट सेंसिंग की जगह फसल कटाई पद्धति का उपयोग शामिल है। साथ ही 2024 के खरीफ सीजन में अतिवृष्टि और वायरस से हुई फसल नुकसानी का मुआवजा दिया जाए।

#### किसानों ने तीसरी किस्त की बकाया राशि की मांग

किसानों ने 2019 खरीफ की बकाया राहत राशि की तीन किस्तें और 2020 खरीफ की तीसरी किस्त की बकाया राशि की मांग की है। मई 2025 में बेमौसम बारिश से नष्ट हुई प्याज फसल का मुआवजा भी मांगा गया है। पीएम फसल बीमा योजना का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की भरपाई है। किसानों का आरोप है कि कम प्रीमियम दरों पर दी जा रही बीमा सुविधा से उचित मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। इससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने कहा की सैटेलाइट पद्धति पूर्ण रूप से गलत है क्योंकि फसल कटाई प्रयोग एवं सैटेलाइट पद्धति के आकलन का सही मिलान नहीं हो रहा है इससे देवास जिले के किसान सोयाबीन फसल खराब होने के बाद भी फसल बीमा से वंचित रह गए है। जिन किसानों को 35 से 40 हजार रुपए फसल बीमा मिलना था उन्हें 300 से 400 रुपए प्रति हेक्टर फसल बीमा मिला है। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के विधायक सांसद से जरूर पूछना की हमारी फसले खराब होने के बाद भी फसल बीमा का लाभ क्यों नहीं मिल पा रहा है। प्रांत मंत्री भारत सिंह बैंस ने इस दोष पूर्ण नीति का विरोध किया उन्होंने कहा की प्रदेश में किसानो की जमीन हड़पने का कार्य चल रहा है यह किसानों के लिए एवं प्रदेश के लिए बहुत ही घातक है हम इसका पूर्ण रूप से विरोध करते हैं। प्रांत सदस्य राम प्रसाद सूर्या ने किसानों को बताया कि जब तक हम संगठित नहीं होंगे सरकार और सरकार के नुमाइंदे इस प्रकार से किसानों को लूटते रहेंगे। फसल बीमा योजना किसानों के लिए नहीं कंपनी को लाभ दिलाने के लिए बनी है। धरने को गोवर्धन पाटीदार, घनश्याम पाटीदार, हुकुमचंद पटेल, आनंद आंजना ने संबोधित किया। जिले के हर कोने से सभी तहसीलों से किसान बड़ी संख्या में पहुंचे देवास मंडी पहुंचे। मौसम को देखते हुए कलेक्टर कार्यालय के बजाय धरना कृषि उपज मंडी में धरना रखा गया। एसडीएम आनंद मालवीया, एडीएम शोभाराम सोलंकी, कृषि विभाग के अधिकारी बीमा कंपनी के अधिकारी लगभग डेढ़ घंटे तक धरना स्थल पर उपस्थित रहे और किसानों की समस्या को सुना। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हुकम पटेल, कन्नौद जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश टांडी, जिला कोषाध्यक्ष नारायण मंडलोई, केदारमल पाटीदार, राकेश जाट, आनंद मेहता, जिला मंत्री गोरेलाल गुर्जर, अजब सिंह चावड़ा, गोवर्धन पवार, मूलचंद पाटीदार अनिल पाटीदार, रामनारायण यादव, एवं हजारों किसान उपस्थित थे।

# आगामी त्योहारों को लेकर एडीजी ने दिए निर्देश

### कानून व्यवस्था संबंधी बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस उप महानिदेशक उज्जैन ज़ोन उमेश जोगा के मार्गदर्शन में एवं पुलिस उप महानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन के निर्देशन में सोमवार को देवास कंट्रोल रूम स्थित सभागृह में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में आगामी समय में आयोजित होने वाले पर्व-त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्या जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात हरनारायण बाथम, समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारीगण उपस्थित रहे। वहीं, जिला मुख्यालय से दूरस्थ थानों के प्रभारीगण गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल रूप से बैठक में सम्मिलित हुए। एडीजी जोगा ने प्रत्येक थाना व चौकी प्रभारी से प्रत्यक्ष संवाद कर उनके क्षेत्र में प्रस्तावित पर्वों गणेश उत्सव, मिलाद-उन-नबी, ढोल ग्यारस आदि के कार्यक्रमों की जानकारी ली तथा थाना/चौकी पर उपलब्ध पुलिस बल एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की। कहा कि ₹पुलिस की भूमिका केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है,बल्कि सामाजिक समरसता और जनविश्वास बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। पर्वों के समय यह जिम्मेदारी और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। सभी अधिकारी स्थानीय समुदाय से समन्वय बनाए रखें एवं किसी भी संभावित विवाद या तनाव की स्थिति को पूर्व में ही पहचानकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। भसीन ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए कहा कि ₹ उत्सव के दौरान प्रतिमा स्थापना स्थलों,पांडालों की जांच, जुलूस मार्ग की तैयारी, ट्रैफिक प्लानिंग एवं भीड़ नियंत्रण की ठोस रणनीति तैयार की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए तथा शांति समिति की बैठकें स्थानीय आयोजकों के साथ मिलकर शीघ्र आयोजित की जाएं।

# एसपी ने किया थाना औद्योगिक का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा सोमवार को थाना औद्योगिक क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने में चल रही e-विवेचना कार्यप्रणाली एवं सीसीटीएनएस प्रणाली के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की स्थिति,प्रविष्टि एवं अद्यतन कार्यवाही का गहन अवलोकन किया।

इस अवसर पर उन्होंने थाने में संधारित विभिन्न रजिस्टरों जैसे कि जरायम रजिस्टर,गिरफ्तारी रजिस्टर,फरार आरोपियों की सूची,बीट सूचना रजिस्टर आदि का भी निरीक्षण कर उनकी अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अभिलेख व्यवस्थित,अद्यतन एवं पारदर्शिता के साथ संधारित किए जाएं तथा तकनीकी माध्यमों का अधिकतम उपयोग कर विवेचना की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए।निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया, सीसीटीएन शाखा प्रभारी सउनि महेन्द्र रावले, प्रआर अभिषेक भैरवे सहित थाना औद्योगिक क्षेत्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। एसपी ने स्टाफ को सतर्कता,अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया एवं बेहतर कार्यप्रणाली के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

### भौरासा थाना पर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित



**भौरासा।** थाना भौरासा पुलिस द्वारा आगामी त्यौहारों को मद्देनजर रखते हुए शांति समिति की बैठक थाना परिसर में भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे के मार्गदर्शन में एसआई नरेंद्र सिंह के द्वारा आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहारों जैसे गणेशोत्सव,डोल ग्यारस, ईद मिलाद को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जुलूस मार्ग के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई। साथ ही नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में एमजी रोड़ पर ट्रैफिक जाम को लगने को लेकर भी चर्चा की गई जिस पर जल्द ही नगर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किए जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव पार्षद भादर सिंह भाटिया, पार्षद अबरार गांधी, पार्षद अफजल मंसूरी,नगर वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत,पूर्व पार्षद बद्री लाल लोधी, पूर्व पार्षद अजय यादव, राजेश लोधी मुरारी लाल लोधी, मनोज जोशी, जीवन सिंह ठाकुर, संतोष गोस्वामी,प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अभय नागर,मुकेश कुमावत मौसम माली, पटवारी अशोक चौहान, गोविंद नागर, नगर की समस्त गणेश उत्सव समिति के सदस्य सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बलाई महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी पर एसपी से मांगी सुरक्षा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ और हिंदू संगठनों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को मिल रही जान से मारने की धमकियों के कारण उन्हें गनमैन सहित पुलिस सुरक्षा की मांग की गई। महासंघ जिलाध्यक्ष प्रदीप मालवीय के अनुसार, हिंदूवादी विचारधारा के परमार को जिहादी संगठनों से फोन और सोशल मीडिया पर धमकियां मिल रही हैं। 11 अगस्त को शाजापुर के पनवाड़ी गांव में दिए गए उनके भाषण को तोड़-मरोड़कर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। इसके बाद कट्टरपंथी तत्वों ने उन्हें सिर तन से जुदा करने की धमकी दी।ज्ञापन में कहा गया कि परमार दलित अत्याचार और लव जिहाद जैसे मुद्दों पर सक्रिय हैं। संगठनों ने पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर आपत्ति जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा। संगठनों ने देवास जिले में बढ़ते लव जिहाद के मामलों पर कठोर कानून लागू करने की मांग की। साथ ही समाजसेवी नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान दिनेश राठौर, नरेंद्र शर्मा, रजत तिवारी समेत कई समाजजन मौजूद रहे।

# अभिभाषक संघ ने किया एसपी गहलोद का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला अभिभाषक संघ देवास की कार्यकारिणी द्वारा सोमवार को संघ के सभा कक्ष में पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायपालिका, अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच आपसी सहयोग और नए कानूनों की चुनौतियों पर विचार साझा किए गए। जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि वकीलों को अपने केस को गंभीरता से लेना चाहिए। फीस का निर्धारण भी उचित होना चाहिए।

अधिवक्ताओं की उन्नति तभी संभव है जब वे नैतिक और सामाजिक मूल्यों को प्राथमिकता देंगे।पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने अपने संबोधन में कहा कि नए कानून हमारे लिए अवसर भी हैं और चुनौती भी। वकीलों और पुलिस को लगातार सीखते रहना होगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि वे नए कानूनों पर अपना फीडबैक साझा करें, ताकि व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा डिफेंस लॉयर के सवाल हमें परिपक्व बनाते हैं, एक अच्छा क्रॉस हमें सीखने का अवसर देता है। एसपी गहलोद ने वकीलों को भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या और सवाल के समाधान के लिए पुलिस सदैव तत्पर रहेगी।

सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत संघ के अध्यक्ष अशोक वर्मा, सचिव अतुल पंड्या, उपाध्यक्ष गीता शर्मा, पंकज पंड्या, सहसचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह तोमर, पुस्तकालय सचिव श्वेत्तांक राज शुक्ला के द्वारा किया गया। स्वागत भाषण अशोक वर्मा ने दिया और कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता रघुवीर यार्दी ने किया और अंत मे आभार अधिवक्ता जयंत विपट ने माना।

### नर्सिंग महाविद्यालय देवास में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने जनहितैषी पहलों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ एवं सशक्त बनाने के लिए जबलपुर में सोमवार को पीपीपी मॉडल पर 4 नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना हेतु अनुबंध हस्ताक्षर, श्योपुर एवं सिंगरौली में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रारंभ होने की घोषणा तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत नवाचारों के शुभारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारत सरकार के केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवाचारों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की गई जिसका उद्देश्य प्रदेशवासियों को सुलभ, आधुनिक एवं समावेशी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। देवास के शासकीय नर्सिंग प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि हमारी राज्य व केन्द्र सरकार संवेदनशील है, इनके द्वारा स्वास्थ्य से जुडे नए-नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। सभी स्वास्थ्य कर्मचारी शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें, आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना अत्यंत आवश्यक है। आर्थिक रूप से अक्षम तबका शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हो जाए, यही हमारी सफलता है। प्रधानमंत्री आयुष्मान निरामयम् योजना एक वरदान है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने कहा कि स्वस्थ देवास ही समृद्ध देवास होना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिये हम प्रतिबद्ध हैं। आयुष्मान सखी स्मार्ट चैटबॉट का शुभारम्भ डिजिटल हेल्थ सहायक के रूप में कार्य करेगा। यह चेटबॉट ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं सहायता प्रदान करेगा। आशाओं से सीधा संवाद प्रारंभ कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अनुभवों को नीति निर्माण में शामिल किया जाएगा।इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, मनीष जैन एवं नरेन्द्र डांडंगे द्वारा तालिब हुसैन एवं रूबीना हुसैन को आयुष्मान पीवीसी कार्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. रामप्रसाद परमार, आर.एम.ओ. डॉ. अजय पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा मिश्रा, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. संतोष कोतकर, जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी श्रुति गौर तोमर, डीपीएम कामाक्षी दुबे, डीसीएम ओमप्रकाष मालवीय, उप जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी कमलसिंह डावर, सहायक अस्पताल प्रबंधक प्रमोद गुणवान, आषा कार्यकर्ता एवं नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी छात्राएं मौजूद रहे।

### राम रसोड़ा स्थल पर हुआ भंडारे का आयोजन, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर में विगत कई वर्षों से सावन माह में पैदल यात्रियों के लिए राम रसोड़ा आयोजित किया जा रहा है। उसी के चलते आयोजन समिति द्वारा राम रसोड़ा के समापन के उपलक्ष्य में तेजाजी दूज पर सोमवार के दिन भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रसादी ग्रहण करने के लिए लोग पहुंचे। राम सिंह भाटी, श्रवण प्रजापत, जीवन पाटीदार, लाखन प्रजापत ने बताया कि सभी नगर वासियों के सहयोग से सावन माह में राम रसोड़ा का आयोजन किया जाता है, और उसी के समापन अवसर में पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा तेजाजी महाराज की आरती की गई है। भंडारा सुबह से प्रारंभ हुआ जों,की शाम तक चला, जिसमें सभी नगरवासियों के सहयोग के साथ ही समिति के सभी सदस्यों का भी परिपूर्ण सहयोग रहा है।

## खबर संक्षेप



### लोगों ने की शौचालय निर्माण की मांग

**ललितपुर।** ब्लाक व तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंदवाहा में रहने वाले सहरिया जाति के लोगों ने सोमवार को लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र के जरिए सहरिया जाति के लोगों ने जिला प्रशासन से शौचालय निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में बताया कि गांव में सहरिया जाति के लोगों को शौचालय के लिए स्थान नहीं है। गांव में खाता संख्या 1349 में 1.25 हे. रकवा खाली पड़ा है। इस पर सहरिया जाति के लोगों को शौचालय निर्माण कराया जाये तो समस्या हल हो सकती है। जिला प्रशासन से सहरिया जाति के लोगों ने शौचालय निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय हरिकिशन, आशा, काशीराम, मलखान, कैलाश सहरिया, भैयालाल, बुद्दे, कृपाल, मुकेश, संजू, भजनलाल, राहुल, खिलावन, वकील, थनू, चतुर, धनीराम, दयाराम, डरू, तलू, आज्ञा, लक्ष्मन, बबलू, सूरज, तन्सू के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

### आज से तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ

**ललितपुर ।** सेवायोजन विभाग के द्वारा युवक/युवतियों को सूचित किया कि सेवायोजन विभाग उप्र लखनऊ द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में दिनांक 26, 27 एवं 28 अगस्त को रोजगार महाकुंभ/कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार महाकुंभ में 50,000 से अधिक रिक्तियां उपलब्ध हैं जिसमें देश विदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियां प्रतिभागी अभ्यर्थियों को चयनित करेगी। इन विभिन्न कम्पनियों द्वारा इण्टर, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, पैरामेडिकल कोर्सिस आदि में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन उनके बायोडाटा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा। इस रोजगार महाकुंभ में श्रमिक वर्ग, कुशल कामगार व अकुशल कामगार भी प्रतिभाग कर सकते हैं। साथ ही रोजगार महाकुंभ में संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जापान और जर्मनी जैसे देशों में 15000 से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। वहीं आइटी, विनिर्माण सेवा और उभरते उद्योगों में 35 हजार से अधिक घरेलू नौकरियां दी जायेंगी। इसमें उद्योग जगत के अग्रणी विशेषज्ञों के सहयोग से डिजीटल कौशल, एआई प्रशिक्षण और रोजगार एवं कौशल प्रदर्शनी रोजगार महाकुंभ के मुख्य आकर्षण होंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा स्टॉल के माध्यम से स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इच्छुक जॉबसीकर उत्तर प्रदेश सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं व अपना जॉबसीकर के रूप में पंजीकरण कर उक्त रोजगार महाकुंभ मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। इस कार्य हेतु कोई भी मार्ग-व्यय देय नही होगा।

### जगदीश बाबा ने किया हमला, पांच घायल

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा में रहने वाले मनोहर पुत्र मुन्नीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 23 अगस्त की शाम करीब 4.30 बजे वह गांव में रामकिशोर की परचूनी की दुकान पर सामान लेने के लिए गया हुआ था, जहां दुकान पर बैठे जगदीश बाबा ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर जगदीश बाबा ने उसके साथ मारपीट कर दी। बचाव करने आये उसके पिता मुन्नीलाल, चाचा जानकी व भाई अजय, रामसिंह व अच्छेलाल पर लाठी-डण्डों से हमला कर दिया। आरोप है कि जगदीश बाबा ने उन्हें जान से मारने की नीयत से किसी धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया, जिससे पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पीड़ित ने बताया कि सभी घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। बाबा गांव के रामकिशोर पुत्र मगन के घर में पिछले आठ दिनों से निवास कर रहा है। हैरत की बात यह है कि जगदीश बाबा के परिवार और उसके निवास का किसी को कुछ नहीं पता।

### सावरकर चौक पर मीटिंग के उपरांत जलूस की शक्ल में जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# बुंदेलखंड विकास सेना ने स्मार्ट मीटर के विरोध में आधे दिन बाजार बंद करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुंदेलखंड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में सेना के कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रस्तावित आधे दिन का बाजार बंद पूर्णतः सफल रहा। सुबह से ही कार्यकर्ताओं ने ललितपुर शहर के बाजारों में घूम घूम कर बाजार बंद कराया गया। बाजार बन्द के दौरान रेलवे स्टेशन से लेकर कृष्णा टाकीज, वर्णी चौराहा घंटाघर सावरकर चौक, मवेशी बाजार की दुकानें पूरी तरह बंद रही।

बाजार बंद की सफलता के बाद सावरकर चौक पर सभा आयोजित की गई। सभा में वक्ताओं ने संबोधित करते हुए स्मार्ट मीटर का पुरजोर विरोध किया। सभा उपरांत सेना के कार्यकर्ताओं ने सावरकर चौक से मवेशी बाजार होते हुए कलेक्ट्रेट तक दोपहिया वाहन रैली निकाली। बु. वि. सेना के कार्यकर्ताओं के गगनभेदी नारों से कलेक्ट्रेट परिसर गुंजायमान हो गया। कलेक्ट्रेट पहुँच कर एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा ।



### स्मार्ट मीटरसे उपभोक्ताओं की जेबों पर डाका डाला जा रहा



सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाये जाने की मनमानी का गम्भीर असर आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पड़ सकता है क्योंकि तेज गति से भाग रहे स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं की जेबों पर सरेआम डाका डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी , सूखा , अतिवृष्टि और उद्योग शून्यता का दंश झेलना वाला बुन्देलखण्ड पहले से ही बदहाली के आंसू बहा रहा था अब और रही सही कसर ये स्मार्ट मीटर पूरा कर रहे हैं। शहर में विद्युत विभाग द्वारा नियुक्त स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली कंपनी पहले से गोवा में ब्लैकलिस्टिड है । उक्त कंपनी ने विगत दिनों सर्वे पूरा करके ललितपुर शहर में अनेक स्थानों पर प्रीपेड मीटर आवासों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर लगाने का काम शुरु कर दिया है । टेक्नीकली ब्लैकलिस्टिड उक्त स्मार्ट प्रीपेड मीटर कई गुना तेजी से भागते है जिस कारण जनता की जेबों पर भारी बोझ पड़ेगा । स्मार्ट मीटर शहर में हजारों जगह पर लग चुके हैं । उन्होंने कहा कि यदि स्मार्ट मीटर पर तत्काल रोक नहीं लगाई जाती है तो बु. वि. सेना एक बड़े आन्दोलन छेड़ने के लिए बाध्य हो जायेगी। उन्होंने बंद का समर्थन करने के लिए व्यापारी बंधुओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया, महेन्द्र अग्निहोत्री, राजेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, मगन सोनी, बबली सुडेले , जिला कमांडेंट सुधेश नायक, विजय कॉफी, विजय कटपीस, सुदेश सोनी, सुदीप मोहनी, मनोज छप्पन भोग, सिद्धार्थ शर्मा, मुकेश मुडरा, हेमन्त रोड़ा, कन्हैया नामदेव, अशोक शिवाजी, संजीव जैन सी एस सी, संजीव सोरया, खेमचंद, बृजेन्द्र पारासर, सेतू यादव, राजू ममता, राजीव पटवारी, विवेक चौपड़ा, मुन्ना त्यागी, संजू नीलकमल, राजीव पहलवान, रजनीश पुरोहित, देवेन्द्र निरंजन, रजनीश श्रीवास्तव, हनुमत पटसेमरा , मनोज पंचम, राजीव पटना, मुस्तफा पार्षद, मुहम्मद फहीम, कदीर खां , फूलचंद रजक , साबिर मिस्त्री, राजकुमार कुशवाहा , अमरसिंह बुन्देला , रमेश गांधी पार्षद, संजय रसिया देवेन्द्र राजा, भगवत वर्मा, देवेंद्र सिंह, परवेज पठान, आनंद चांदसी, संजय पवैया, मनोज लोधी, प्रकाश रैकवार, नंदराम कुशवाहा, शशि प्रताप, भजनलाल कुशवाहा, मनोहर दैलवारा, प्रदीप साहू , विनोद साहू , गफूर खां ,रामेश्वर कुशवाहा, परमानन्द विश्वकर्मा, सुरेश झा, बलराम भंडारी, गोलू कुशवाहा, ग्यासी कुशवाहा, हनुमत कुशवाहा, खेमचंद, गौरव विश्वकर्मा, प्रमेन्द्र खरे, संतोष पटेल, रज्जन कुशवाहा, मुकेश सोनी, प्रकाश झा, रज्जन सिंह , सुधीर धानुक , प्रमोद कुमार , आशाराम नगेले, काशीराम विश्वकर्मा, सुरेश कुमार झा, अरविंद सेन, पुष्पेन्द्र शर्मा, राजीव साहू , प्रमोद , रोहित कुमार जगदीश, पर्वत, भैय्यन कुशवाहा , रवि रैकवार , राजाराम अहिरवार , हनुमत पहलवान, रामस्वरूप, जगदीश झा, विनोद चन्देल साहिद अली, भैय्यन कुशवाहा , खुशाल बरार , कामता भट्ट, आदि मौजूद रहे।

### समिति ने तैयारियां की तेज

# मुंबई से श्रीगणेश की विशाल प्रतिमा ललितपुर पहुंची

कटरा बाजार के राजा के नाम से हैं जिले में मशहूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में श्रीगणेश महोत्सव की धूम शुरू हो चुकी है। कटरा बाजार में लगने वाले विशाल पाण्डाल में ललितपुर के राजा के नाम से मशहूर श्रीगणेश भगवान की विशालकाय प्रतिमा मुम्बई से ललितपुर पहुंच गयी है। कटरा बाजार के साथ-साथ यह श्रीगणेश महोत्सव विगत दशकों से ललितपुर भर में भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणपति बप्पा के पाण्डाल में विराजने में अब कुछ ही दिन बचे है। ऐसे में अभी से ही भक्त बप्पा के आगमन के लिए पलकें बिछाए बैठे हैं। शहर में लगने वाले प्रमुख पंडाल में कटरा बाजार में भी तैयारियां का दौर शुरू हो गया है।

ललितपुर में गणेश उत्सव की तैयारियां शुरू हो रही हैं। शहर में कई जगहों पर पंडाल सजाए जाएंगे। इसके लिए कटरा बाजार में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुम्बई से विशालकाय प्रतिमा ललितपुर पहुंच चुकी है। प्रतिमा आगमन पर कटरा बाजार महोत्सव समिति ने गाजे-बाजे के साथ प्रतिमा का स्वागत सत्कार किया। अब 27 अगस्त को ढोल नगाड़ों के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच बप्पा को स्थान पर विराजमान कराया जायेगा और उनके जयकारों से शहर गूंजेगा। भक्त बप्पा की मूर्ति स्थापना करेंगे। शहर में जगह-जगह शोभायात्रा निकाली जाएगी। शहर में गणेश पंडाल की शुरुआत कई वर्षों पहले हो गई थी। सराफा कारोबारी मनोज सोनी मज्जू के अनुसार कटरा बाजार में ललितपुर जिले के सबसे बड़ी प्रतिमा के श्रीगणेश भगवान विराजते हैं। श्रीगणेशोत्सव की तैयारियों में मज्जू सोनी के साथ वीरेन्द्र सोनी, बल्ली सोनी, वीरू सोनी, लकी सोनी, गोलू सोनी, रामू मुखिया, कल्लू मंगौड़ी वाले, पंकज त्यागी, संदीप सोनी, भरत सोनी, दीपक पटवा, डब्बू जैन, पुरुषोत्तम सोनी, पंकज पप्पू, शिवम सोनी, विक्की सोनी, दीपक विश्वकर्मा, सुमित सोनी, किशन सोनी, देव सोनी, राजवीर सोनी के अलावा अन्य श्रद्धालुजन जुटे हुये हैं।

### महरौनी सेवा केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन

# लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया 27 यूनिट रक्त एकत्रित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के महरौनी सेवा केन्द्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महरौनी क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम मदन मोहन गुप्ता ने रिबिन काटकर व दीप प्रज्वलन कर किया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान हजारों पुण्य के बराबर है, रक्तदान से किसी अजनबी का जीवन बचाया जा सकता है। नगर पंचायत महरौनी अध्यक्ष नीलम ने कहा कि यह कार्य बहुत अच्छा संस्था के द्वारा हो रहा है, इसके लिए में निरंतर सहयोगी रहूंगी। साथ ही ललितपुर क्षेत्र की संचालिका राजयोगिनी चित्ररेखा दीदी ने भी सभी को रक्तदान के फायदे बताएं और संस्था का परिचय दिया कि यह समाज सेवा प्रभाव निरंतर रूप से अपना कार्य कर रहा है। रक्तदान केवल शारीरिक सहायता नहीं बल्कि विश्व बंधुत्व और मानवीय करुणा का प्रतीक है। महरौनी क्षेत्र की संचालिका राजयोगिनी मायारानी दीदी ने बताया कि उनका 25 यूनिट का संकल्प लिया था और 27 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है, जिसे एएसएमसी ब्लड बैंक ललितपुर को प्रदान किया गया। इसके पश्चात सभी रक्तदाताओं में गेंदालाल साहू, संदीप सोनी, दीपक, कैलाश साहू, कमलेश साहू, अभिषेक, अंकित, बीके प्रियंका बहन, ऋषि, धर्मजीत, शाहरुख खान, कल्लू सिंघई, शिल्पी सिंघई, जावेद अख्तर, कमलेश, रामजी, मनीष बडोनिया, वीरेंद्र बुनकर, अंश परिहार, सौरभ सोनी, हरिहर मोहन तिवारी, रीता चौहान, प्रमोद सिंह, अतुल तिवारी, सागर रत्नाकर, हरनाम सिंह, वर्षा परिहार, अजीत पटेल, निकिता यादव ने रक्तदान किया।

### देवगढ़ में हुई जिला स्तरीय पांच किमी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

# कपिल प्रथम, सचिन द्वितीय व कोमल तृतीय रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखलौन (ललितपुर)




जिला स्तरीय 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन तीर्थ क्षेत्र व पर्यटन स्थल केन्द्र देवगढ़ में किया गया। दौड़ प्रतियोगिता का उद्घाटन फीता काटकर जिला पंचायत सदस्य बालाबेहट धनंजय यादव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और संचालक डिफेंस फिजिकल अकैडमी ललितपुर के बिल्ला सर रहे। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में कुल 120 धावकों ने भाग लिया जिसमें 119 युवक व एक युवती शामिल रही जो कि ग्राम नाराहट की रहने वाली है।

प्रथम स्थान पर कपिल परिहार रहे जिन्होंने 16 मिनिट में 5 किलो मीटर दौड़ पूरी की। द्वितीय स्थान पर सचिन यादव, तृतीय स्थान पर कोमल पड़वा, चौथे स्थान पर विशाल कुशवाहा, पांचवें स्थान पर आकाश परिहार, छटवें स्थान पर चंद्रपाल राजपूत, सातवां स्थान नीलेश पटेल, आठवां स्थान साकेत रजक, नौवा स्थान अर्जुन यादव, दसवें स्थान पर सत्येंद्र कुमार, ग्यारहवें स्थान पर जीशु चौरसिया रहे। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपये नगद मेडल व प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपये नगर मेडल व प्रमाण पत्र, तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये नगद मैडल व प्रमाण पत्र, चौथे से 11 नंबर तक प्रतिभागी रहे। धावकों को 1100 रुपये नगद मैडल और प्रमाण पत्र दिए गए तथा मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में शामिल रहे अन्य सभी धावकों को भी आयोजन समिति द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र देकर उनकी हौसला अफजाई की गई। मुख्य आयोजनकर्ता अजय यादव, सहयोगी बलभद्र यादव और समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में सहयोगी समितियों में देवगढ़ सनातन धर्म रक्षा समिति श्रीदिगंबर जैन कमेटी देवगढ़ फ्यूचर फॉरवर्ड फाउंडेशन संस्था आदि शामिल रही। कार्यक्रम के समापनकर्ता श्रीदिगंबर जैन कमेटी देवगढ़ के महामंत्री संजीव जैन सीए ललितपुर रहे। इस दौरान कृपान सिंह यादव ग्राम प्रधान देवगढ़, डा.दीपक पस्तोर, रवि तिवारी, महेंद्र यादव, कृष्णपाल यादव, देवेंद्र यादव, प्रदुम्न तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, करन यादव, रघुवीर सिंह यादव, पंचमसिंह यादव, शिवपाल यादव, वीरेंद्र सिंह, फूलसिंह यादव, करतार सिंह, विकास तिवारी, शेरसिंह यादव एड. सहित थाना पुलिस जाखलौन का पुलिस फोर्स, स्वास्थ्य विभाग से एंबुलेंस, पंचायत राज विभाग से सफाई कर्मी द्वारिका प्रसाद रजक, शीला देवी आदि के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

### जल विहार शोभायात्रा मार्ग

# गणेश प्रतिमा स्थापित स्थलों पर साफ-सफाई के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद के प्रशासक मनीष कुमार द्वारा आगामी त्योहार जलविहार और गर्णेश चतुदर्शी, पर मूर्ति मूर्ति स्थापित स्थलों का निरीक्षण किया तथा नगर पालिका परिषद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशासक मनीष कुमार ने वार्ड के नागरिकों से वार्ता की व उन्हें साफ-सफाई रखने एवं कूड़ा नगर पालिका की डोर टू डोर कचरा वाहन में ही कचरा डालने हेतु निर्देषित किया गया, वहीं कार्य में लापरवाही पाये जाने पर एक कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से हटाया गया। निरीक्षण में मुहल्ला आजादपुरा ईदगाह के सामने स्थित शौचालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान शौचालय में गंदगी पाई गई तथा कर्मचारी अनुपस्थित पाया गया, जिस पर उक्त कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए उक्त स्थल पर दूसरा कर्मचारी तैनात किये जाने हेतु प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव को निर्देशित किया गया, वहीं शौचालय में नियमित रूप से साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देश दिए वार्ड वासियों से वार्ता में,कहा कि अपने-अपने घरों का कचरा नालियों में न डाले, नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे डोर टू डोर कचरा वाहन में ही कचरा डाले। प्रभारी सफाई निरीक्षक को निर्देश दिये कि टीमों को लगाकर वार्डों की उन गलियों व भवन स्वामियों को चिन्हित करें जो पालिका के डोर टू डोर कचरा वाहन में कचरा नहीं डालकर इधर-उधर कचरा डाल रहे है व वार्ड में गंदगी फैला रहे है, ऐसे भवनस्वामियों के विरूद्ध नोटिस जारी करते हुए जुर्माना वसूली की कार्यवाही करें। सुम्मेरा तालाब के निरीक्षण के दौरान घाटों की मरम्मत एवं रंगाई पुताई किये जाने हेतु अवर अभियंता खुशबू खांन को निर्देशित किया वहीं प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव को तालाब पर नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखनें, घाटों पर समुचित लाइटिंग व्यवस्था सहित समस्त स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत हेतु टीमों को लगाकर उनकी मरम्मत कराई जाए। तालाबपुरा रामलीला मैदान का निरीक्षण किया।

### गैर जमानती वारंट पर पुलिस ने व्यापारी नेता को गिरफ्तार किया

**ललितपुर।** नगर के सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित बहु चर्चित हाई प्रोफाइल मंगलानी जमीन प्रकरण के मामले में समय पर विचाराधीन मामले की तारीख पर न्यायालय नही पहुंचे व्यापारी नेता को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित आईटीआई कॉलेज के सामने स्थित बेशकीमती मंगलानी जमीन को खुर्द-वुर्द कर दी । यह बहुचर्चित मामला जनपद मेंचर्चा में बना रहा, जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद दाखिल खारिज न होने के कारण आज भी खरीदार परेशान है। बीते रोज राज्यमंत्री के पुत्र सुरेन्द्र पंथ के साथ भी इसी भूमि को लेकर विवाद हुआ था। न्यायालय में विचाराधीन मामले में समय पर न्यायालय में हाजिर न होने पर न्यायाधीश ने व्यापारी नेता सुमित अग्रवाल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था।

### आध्यात्मिक युग, विश्व बंधुत्व की प्रकाशपुंज : दादी प्रकाशमणि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन में दादी प्रकाशमणिजी को श्रद्धा, सुमन, पुष्प मालाएं अर्पित की। आज के दिन दादी प्रकाशमणिजी की पुण्य स्मृति दिवस पर उन्हें श्रद्धा पूर्वक स्मरण किया जा रहा है, जिसमें राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदीजी ने दादीजी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादीजी ने अपने संपूर्ण जीवन को मानव सेवा, आत्मिक जागृति और विश्व शांति के कार्यों में समर्पित किया। उनका सरल स्नेहमयी और प्रेरणादायक व्यक्तित्व करोड़ों आत्माओं की दिलों को छू गया। दादीजी के नेतृत्व में ब्रह्माकुमारीज संस्था ने विश्व स्तर पर आध्यात्मिक चेतना फैलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज उनके विचार, अनमोल शिक्षाएं और सेवा भावना सभी के लिए प्रेरणादायक बनी हुई है। संस्था के सभी भाई-बहनों ने दादीजी को श्रद्धा सुमन भेंट किए। जिसमें बीके मायारानी दीदी, बीके किरण दीदी, बीके गीता दीदी, बीके प्रीति दीदी, बीके रुबी दीदी, बीके प्रियंका बहन, बीके निशा बहन, बीके पूजा बहन, बीके शिवानी बहन, बीके विद्यासागर भाई, निशि बहन, काव्या बहन, कुंजबिहारी उपाध्याय, एड.रामस्वरूप साहू, एड.सत्यनारायण साहू, अशोक राठौर, महेश कंचन, हरिशंकर साहू, ओमप्रकाश गुप्ता, रोहित श्रीवास्तव, नितिन निरंजन, वृंदावन यादव, किरण साहू, मंजू साहू, सुषमा राठौर, सीमा नरवरिया, स्वर्णा कंचन, रेखा सिंधी, आशा सिंधी, मुन्नी राजा बुंदेला, सृष्टि नरवरिया, भूमिजा नरवरिया आदि मौजूद रहे।

### विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

# त्याग, तपस्या और सेवा भाव ही सबसे बड़ी पूंजी: कुशवाहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




राजकीय इण्टर कॉलेज सभागार में विश्व हिन्दू परिषद का 61वाँ स्थापना दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बालयोगेश्वर दास त्यागी जी महाराज,विशिष्ट अतिथि बजरंग दल प्रान्त सह संयोजक शुभम कौशिक जी, दुर्गा वाहिनी प्रान्त संयोजिका बहन अवनी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप के जिलाध्यक्ष नवल किशोर सोनी ने की।

विशेष अतिथि में सदर विधायक राम रतन कुशवाहा एवं मंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंथ उर्फ चंदू भैया उपस्थित रहे। मंच पर उपस्थित महंत बालयोगेश्वर दास त्यागी महाराज, विहिप जिलाध्यक्ष नवल किशोर सोनी, दुर्गा वाहिनी प्रान्त संयोजिका बहिन अवनी राजपूत बजरंग दल प्रान्त सहसंयोजक शुभम कौशिक, विहिप कार्याध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बुंदेला , विहिप जिला उपाध्यक्ष भरत रिछारिया , नगर अध्यक्ष संजय जैन रहे। दुर्गा वाहिनी प्रान्त संयोजिका बहन अवनी जी ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद मात्र एक संगठन नहीं, बल्कि यह हिंदू समाज की चेतना और राष्ट्र की आत्मा का स्वर है। उन्होंने विहिप की 61 वर्षों की गौरवगाथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन, गोरक्षा, सेवा कार्य और समाज में समरसता लाना— इन सब क्षेत्रों में परिषद ने ऐतिहासिक योगदान दिया है। उन्होंने मातृशक्ति की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि दुर्गा वाहिनी आने वाली पीढ़ियों को धर्म, संस्कार और राष्ट्रप्रेम से जोड़े रखने का संकल्प लेकर कार्य कर रही है। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने परिषद की संघर्षपूर्ण यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि विहिप ने सदैव समाज और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है। चाहे राम मंदिर का आंदोलन रहा हो या हिंदू समाज पर संकट का समय, परिषद कार्यकर्ताओं ने हर मोर्चे पर साहस और बलिदान का परिचय दिया है। उन्होंने आगे कहा कि आज जब हमारी संस्कृति और परंपराओं पर विभिन्न चुनौतियाँ खड़ी हो रही हैं, तब विहिप जैसे संगठन समाज को संगठित कर, युवाओं को राष्ट्रप्रेम से जोड़ने का महान कार्य कर रहे हैं। परिषद के कार्यकर्ताओं को साधुवाद देते हुए कहा कि आपका त्याग, तपस्या और सेवा भाव ही संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है, और यही शक्ति राष्ट्र को सुरक्षित व समृद्ध बनाएगी। बजरंग दल कानपुर प्रान्त सहसंयोजक शुभम कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि बजरंग दल का प्रत्येक कार्यकर्ता हिंदू समाज की सुरक्षा, गौरव और अस्मिता की रक्षा के लिए संकल्पित है। आज की युवा पीढ़ी ही आने वाले भारत की धुरी है, और जब यह युवा धर्म, राष्ट्र और संस्कृति के प्रति समर्पित होकर कार्य करता है, तभी भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन से लेकर गोरक्षा तक, और मंदिर-मठों की रक्षा से लेकर सेवा कार्यों तक बजरंग दल हर मोर्चे पर अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा है। कार्यक्रम उपस्थित आदि वक्ताओं ने विचार रखे। त्यागी महाराज, विहिप जिलाध्यक्ष नवल किशोर सोनी, विहिप जिला कार्याध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बुंदेला जी और उत्तर प्रदेश सरकार राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंथजी ने भी परिषद के कार्यों व महत्व पर अपने विचार रखे। विहिप के विभाग मंत्री राहुल जैन, जिला संगठन मंत्री अमन जिला सह कार्यवाह मनीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### नाले की विवादित भूमि का मामला, पुलिस बल रहा तैनात

# आखिर प्रशासनिक अमले ने बरसों से विवादित भूमि का किया सीमांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

नगर में रविवार को इमली स्टैंड स्थित नाले की विवादित भूमि को लेकर रविवार को प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में सर्वे नंबर 728 का सीमांकन किया। कार्रवाई के दौरान इमली स्टैंड से मंडी रोड जाने वाले रास्तों पर बैरिकेड लगाकर यातायात बंद कर दिया गया। सुरक्षा के लिए पूरे क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया।

### भूमि को लेकर ये है विवाद

*इस भूमि पर सालों पहले मंसूरी समाज द्वारा सामुदायिक भवन में निर्माण के लिए बीम और कॉलम खड़े किए गए थे, समाज का कहना है कि यह भूमि सरकारी है और वर्ष 1949 से इस पर उनका कब्जा है। उनका दावा है कि वर्ष 2012 में विधायक निधि से मिले 3 लाख रुपए से यहां निर्माण कार्य की शुरुआत की गई थी। दूसरी ओर, नीरज मालाकार ने इस भूमि को सर्वे नंबर 713 बताते हुए इसे अपनी निजी संपत्ति होने का दावा किया है।*

### राजस्व के रिकॉर्ड से ही स्पष्ट होगी

*अधिकारियों के अनुसार, प्रशासन द्वारा सीमांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आगे की कार्रवाई में राजस्व के रिकॉर्ड और डॉक्यूमेंट के आधार पर ही स्थिति साफ हो पाएगी, वर्तमान में प्रशासन की निगरानी में पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है। सीमांकन टीम में तहसीलदार विनीत गोयल, गिरदावर डी.एल. अंसल, आरआई दुर्गेश राठौर, रामगोपाल दुबे, पटवारी जीतमल दांगी, राजेंद्र सिंह सोनगिरा और जितेंद्र मेवाड़े सहित पूरा राजस्व अमला मौजूद रहा, वहीं, पुलिस बल का नेतृत्व टीआई जितेंद्र मवाई और जीरापुर एसआई आदित्य सोनी ने किया।*

### बच्चे अपने परिश्रम, लगन और संकल्प का परिचय दे रहे

## फूलमाली समाज के प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में नगर के 70 बच्चे होंगे सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

फूल माली समाज भोपाल क्षेत्र द्वारा रविवार को भोपाल के हिंदी भवन में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मैं नगर के कक्षा पांचवी आठवीं दसवीं बारहवीं के उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले 70 प्रतिभाशाली बच्चे सम्मानित होंगे जिनको राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया इस दौरान राज्य मंत्री श्री टेटवाल कहा कि आज का दिन सम्पूर्ण सारंगपुर क्षेत्र के लिए गर्व और हर्ष का अवसर है। कक्षा 5वीं से 12वीं तक के 70 प्रतिभाशाली विद्यार्थी, जिन्होंने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया है, उन्हें भोपाल के लिए रवाना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह बच्चे न केवल अपने परिश्रम, लगन और संकल्प का परिचय दे रहे हैं, बल्कि अपने परिवार, गुरुजनों और सम्पूर्ण सारंगपुर की धरा का नाम भी रोशन कर रहे हैं। सम्मान समारोह कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इन होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान केवल बच्चों का नहीं, बल्कि उन सभी अभिभावकों, शिक्षकों और मार्गदर्शकों का भी है जिन्होंने उनकी प्रतिभा को निखारने और संवारने का कार्य किया है। मंत्री श्री टेटवाल ने प्रतिभावान बच्चों की बस की पूजा कर बस को भोपाल के लिए रवाना किया। इस अवसर पर फूल माली समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ ध्रुव भल्ला, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद बागकुआ टंकी अध्यक्ष केलाश वर्मा महात्मा फुले समता परिषद जिला अध्यक्ष मनोज पुष्पद भैरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष सहित बच्चों के अभिभावक एवं अन्य समाज जन उपस्थित थे।

## लायंस क्लब उड़ान के शपथ विधि समारोह में नई टीम ने शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर



लायंस क्लब उड़ान की नवीन कार्यकारणी का शपथ विधि समारोह शनिवार को मंत्री गौतम टेटवाल , नपा अध्यक्ष विकास करोड़िया, जोन चेयर पर्सन नितिन परिहार,शपथ अधिकारी लायन महेश मालवीय ,रीजन चेयर पर्सन सत्यनारायण पाटीदार, चार्टेड अध्यक्ष डॉ निशा गुदेनिया , निवर्तमान अध्यक्ष डॉ अतिब कुरैशी अध्यक्ष सीमा गोयल मंचासीन रहे । दीप प्रज्वल एवं ध्वज वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई । निवर्तमान अध्यक्ष अतिब कुरैशी ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के ब्यौरा रखा। डाक्टर अंजलि भदोरिया ने सचिव प्रतिवेदन रखा । शपथ विधि अधिकारी लायन महेश मालवीय ने उड़ान की नवीन कार्यकारणी में अध्यक्ष लायन सीमा गोयल, सचिव लायन रितु गर्ग, कोषाध्यक्ष लायन नीलम सक्सेना सहित नवीन कार्यकारणी को उनके दायित्व बता पूरी टीम को शपथ दिलाई । अपने पहले अध्यक्षीय भाषण में सीमा गोयल ने कहा कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण के साथ पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए कपड़े के बेग का उपयोग बढ़ाने के लिए संकल्पित हे वही हादसों को रोकने के लिए वाहनों में रेडियम लगवाएंगे। उड़ान लायंस क्लब को नवीन ऊंचाइयों पर पहुंचने का संकल्प लिया। नपा अध्यक्ष विकास करोड़िया ने लायंस के कार्यों को सराह ओर सहयोग की बात कही । मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि नई ष्उड़ानष् को सफलता और सामाजिक सेवा के नए आयाम मिलें। उन्होंने कहा कि क्लब सेवा के लिए नगर को वाहन उपलब्ध करवाए । जो पीड़ित नागरिकों की सेवा में मददगार बने ।अन्य वक्ताओं ने लायंस क्लब के उद्देश्यों ओर कार्यों को विस्तार से बताया इसके इसके साथ ही नवीन टीम के द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिया गया।। वही 10 नए सदस्यों को उड़ान की सदस्यता दिलाई । इस अवसर पर श्रीराम गोयल ,पचोर लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र भदोरिया,चंचल मंगल ,पंकज गोयल, आयुष गोयल,पूर्व जोन चेयर पर्सन सुषमा गोयल,नीलू दुबे,रेणु विजयवर्गीय,बबीता जुलानिया,महेश शर्मा, भावना वर्मा, चिराग मोदानी ,मुकुल जैन, श्रीकांत विशंपायन, दीपक जुलानिया, आदि सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चार्टर्ड अध्यक्ष लायन डॉक्टर निशा गुदेनिया एवं आदित्य शर्मा ने तथा आभार लायन कोषाध्यक्ष नीलम सक्सेना द्वारा व्यक्त किया।

## ई-अटेंडेंस को लेकर शिक्षक संगठनों की बैठक में की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार एवं शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्धेश्य से विभाग ने हमारे शिक्षक एप के जरिए ई-अटेंडेंस की शुरूआत की है। गत दिवस कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में तल्ख निर्देश दिए हैं कि ई-अटेंडेंस न लगाने वाले शिक्षकों को नोटिस देने सहित वेतन रोकने की कार्यवाही की जाए। इसी संबंध में शिक्षा जगत के 10 विभिन्न संगठनों के संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक राजगढ़ में आयोजित हुई। बैठक के दौरान संगठन पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि वे ई-अटेंडेंस के विरोध में नहीं है लेकिन पहले एप की तकनीकी खामियों को दूर किया जाए। इसके साथ ही विभाग यह सुनिश्चित भी करे कि उक्त एप से शिक्षकों का निजी डाटा लीक नहीं होगा। बैठक में तय हुआ कि संयुक्त मोर्चा पदाधिकारी आज 25 अगस्त को संयुक्त रूप से जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी बातों व मांगों से डीईओ को अवगत करते हुए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। इसके उपरान्त आगामी रणनीति तय की जाएगी।

### दूसरों का जीवन बचाने 212 सेवाभावियों ने सहर्ष किया रक्तदान

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज संस्था द्वारा आयोजित किया गया था शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिला अस्पताल में विभिन्न ग्रुपों के रक्त की कमी बनी हुई है। प्रशासन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रयास से लगाए जाने वाले रक्तदान शिविरों से इस कमी को पूरा करने में खासी मदद मिलती है। इसी कड़ी में प्रजापिता ब्रहाकुमारीज संस्था के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय अंजनीलाल धाम मंदिर परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

संस्था की पूर्व प्रशासिका राजयोगिनी डॉ. दादा प्रकाशमणिजी की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित इस शिविर में 212 सेवाभावी ने रक्तदान किया इनमें 161 पुरुष एवं 51 मातृ-शक्तियां शामिल रहीं। रक्तदान करने वालों में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े सदस्य, समाजसेवी, धार्मिक समितियों के सदस्य सहित नगर व जिले के अन्य प्रबुद्धजन शामिल रहे। शिविर में चिकित्सकों एवं नर्सों की विशेष टीम ने सुरक्षित वातावरण में रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न करवाई वहीं सभी का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

### रक्तदान से नहीं आती है किसी तरह की कमजोरी

*शिविर में उपस्थित चिकित्सकीय टीम ने बताया कि रक्तदान करने से किसी तरह की कोई कमजोरी रक्तदानी को नहीं आती है बल्कि रक्तदान करने के कई लाभ होते हैं। इस अवसर पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, विधायक अमरसिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, एडीएम शिवप्रसाद मंडराह, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, संस्था जिला प्रभारी मधु दीदी, एडिशनल एसपी केएल बंजारे, जपं अध्यक्ष फूलसिंह तंवर, सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल, सिविल सर्जन नितिन पटेल, नपाध्यक्ष विनोद साहू, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, प्रताप मंडलोई, मोना सुस्तानी, प्रतापसिंह सिसोदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रमुख मधु दीदी ने दादी प्रकाशमणिजी के जीवनवृत्त पर भी प्रकाश डाला।*

## 27 को विराजेंगे विघ्नहर्ता श्रीगणेश सजे पंडाल, प्रतिमाओं की बुकिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



गणेश चतुर्थी का पर्व इस वर्ष 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मनाया जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार भादो शुक्ल चतुर्थी 26 अगस्त को दोपहर 1.54 बजे 27 अगस्त को दोपहर 3.44 बजे तक रहेगी। उदिया तिथि के चलते गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को मनाई जाएगी और इसी दिन गणपति जी की स्थापना होगी। भगवान गणेश की स्थापना के शहर में जगह जगह पंडाल बनाना शुरू हो गए हैं। शहर में करीब 100 स्थानों पर झांकियों में गणेश जी की स्थापना की जाती है। घरों में स्थापित की जाने वालीं भगवान श्री गणेश की सुसज्जित प्रतिमाएं तिलकचौक स्थित बांके विहारी मार्केट पर मौजूद हैं।

## हिउस की बैठक संपन्न, लिए गए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर में आगामी गणेश उत्सव, डोल ग्यारस एवं अनंत चतुर्दशी जैसे भव्य पर्वों को सफल एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु हिंदू उत्सव समिति, सारंगपुर द्वारा बदलीपुरा हनुमान मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आरती उपरांत मंदिर धर्मशाला में शाम 8 बजे समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परंपरा अनुसार ही सभी पर्व मनाए जाएंगे। केवल अनंत चतुर्दशी चल समारोह की शुरुआत इस वर्ष व्यायामशाला वार्ड क्रमांक 1 से होगी। शोभायात्रा वाटकेश्वर किला गेट, सदर बाजार, जमा मस्जिद, बागकुआं, टंकी रोड, सिविल अस्पताल, आगरादृमुंबई रोड होते हुए न्यू बस स्टैंड से कालीसिंध पहुंचेगी, जहाँ गणपति विसर्जन के साथ आयोजन का समापन होगा।समिति ने नगरवासियों से उत्साहपूर्ण सहभागिता कर इस बार भी पर्व को और अधिक भव्य व अनुकरणीय स्वरूप देने की अपील की। बैठक में समाजों के अध्यक्ष, गणेश पांडाल समितियों के सदस्य, अखाड़ा प्रमुख एवं झांकी निर्माण समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जो सदस्य उपस्थित नहीं हो सके, उनसे समिति द्वारा संपर्क किया जाएगा। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला सहित सुशील व्यास, प्रदीप सादानी, संजय विजयवर्गीय, अशोक साहू, अनिल बारकियां, शिव नारायण काका, वैभव पुष्पद, महेश पाटीदार,नवीन रुण्डवाल,शतीश राठौर,मोहित हाड़ा, धनसिंह पुष्पद, संतोष पुष्पद, बनारसी गिरजे, के.पी. शर्मा,नितेश मिश्रा, अमित दुबे, अनुज पुष्पद,मांगीलाल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शांति समिति की बैठक संपन्न, त्योहार शांति और सौहार्द्र के साथ मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



दृ-आगामी त्योहार गणेश उत्सव एवं मिलाद-उन-नबी को दृष्टिगत रखते हुए थाना परिसर नरसिंहगढ़ में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में झांकी आयोजक समितियों के पदाधिकारी, डीजे संचालक एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम सुशील सिंह, एसडीओपी मिनी शुक्ला एवं थाना प्रभारी ने उपस्थितजनों से कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के साथ मनाए जाएं। डीजे संचालकों को निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करने तथा आयोजकों को प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी उपस्थित सदस्यों ने नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आपसी सौहार्द्र कायम रखने का आश्वासन दिया।

### प्राकृतिक खेती ही समृद्ध किसान और स्वस्थ समाज की आधारशिला

## ग्राम कूपा में किसान सम्मेलन, गौपालन और मुख्यमंत्री योजनाओं पर दिया विशेष संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा ग्राम कूपा में आयोजित किसान सम्मेलन में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री गौतम टेटवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंत्री ने छोटी कन्याओं का पूजन कर भारतीय संस्कृति और परंपरा का संदेश दिया।अपने संबोधन में मंत्री गौतम टेटवाल ने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौमाता का पालन कर उनके मल-मूत्र से तैयार खाद से खेतों की उर्वरता बढ़ती है और रसायन-मुक्त खेती संभव होती है। इससे किसानों को कम लागत में उत्तम अन्न प्राप्त होगा, जो उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और समाज को स्वस्थ बनाएगा। मंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महत्वाकांक्षी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार गौपालन को बढ़ावा देने हेतु विशेष सब्सिडी उपलब्ध करा रही है। महिला स्व-सहायता समूहों को गौपालन के लिए अतिरिक्त लाभ दिए जा रहे हैं। वहीं "एक बगिया माँ के नाम" योजना के अंतर्गत किसानों को फलदार बगीचे लगाने पर ऋण व सब्सिडी की सुविधा दी जाएगी। मंत्री ने किसानों से अपील की कि वे जैविक खेती अपनाकर धरती माँ को प्रदूषण से बचाएँ, आत्मनिर्भर बनें और समाज को स्वस्थ जीवन दें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गिरिवर भंडारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश बेस बालू सिंह सहित मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### घर-घर शुरू हुआ जनसंपर्क अभियान

## सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण अनुष्ठान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

आगामी सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण धार्मिक आयोजन को लेकर हिन्दू उत्सव समिति ने जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर पत्रक एवं पीले चावल देकर श्रद्धालुओं को आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं। स्टेडियम ग्राउंड पर विशाल पंडाल सजाया जा रहा है, जहां 29 अगस्त से 04 सितम्बर तक भव्य धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होंगे। इस अनुष्ठान को धर्माचार्य पंडित सोमेश परसाई विधि-विधान से सम्पन्न कराएंगे।।हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष एवं विधायक मोहन शर्मा ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।


### टीम ने किया निरीक्षण

*सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण धार्मिक आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को नर्मदापुरम से विशेष टीम नरसिंहगढ़ पहुंची। टीम ने स्टेडियम ग्राउंड पर बनाए जा रहे पांडाल, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही व्यवस्थाओं तथा अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया।*

### पर्यटन ग्राम कोटरा में बीएसएस कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

## चिड़ी खो अभ्यारण्य, प्राचीन गुफाओं सहित ग्रामीण परिवेश को जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आजीविका मिशन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आजीविका मिशन के संगठन व ग्रामीण पर्यटन बोर्ड के समन्वय से ग्रामीण पर्यटन ग्राम कोटरा में रविवार को भोपाल के बीएसएस कॉलेज के 54 छात्र-छात्राओं का दल शैक्षणिक भ्रमण वपर पहुंचा। इस भ्रमण का उद्धेश्य महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को ग्रामीण पर्यटन की गतितिविधियों व ग्रामीण परिवेष को प्रत्यक्ष रूप से रूबरू कराना था। सभी विद्यार्थियों द्वारा कोटरा के पहाड़ों पर टैकिंग, करवटिया गुफा, शैलचित्र, शेजधार झरने, ग्रामीण होम स्टे, शाका श्यामजी मंदिर, चिड़ीखो अभ्यारण्य का भ्रमण किया जिससे वे न केवल वन्य जीवन से रूबरू हुए बल्कि पुरातात्विक धरोहरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने ग्राम की भजन मंडली, मिट्टी के बर्तन बनाने की विधि, पशु हार श्रृंगार, खजूर की झाड़ी के आयटम गतिविधियों को करीब से जाना व गांव के हितग्राहियों से अपने अनुभव साझा किए। शैक्षणिक भ्रमण की संपूर्ण व्यवस्था व तैयारी ग्रामीण पर्यटन समिति कोटरा द्वारा की गई थी। इस भ्रमण के दौरान बीएसएस कॉलेज भोपाल की प्रोफेसर सुषमा तिर्केट, अमृता साहू, आशीष कौषिक, कोटरा सरपंच रामकन्या कुशवाह, पर्यटन समिति अध्यक्ष केदार सिंह, सचिव सीताराम, संगठन अध्यक्ष ममता, सुनील कुशवाह, नरेंद्र राठौर, मूलचंद, बापूलाल सहित अन्य ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।

### भविष्य में आयोजित करेंगे ऐसे भ्रमण

आजीविका मिशन प्रबंधक आशीष कौशिक ने बताया कि पर्यटन ग्राम कोटरा में विद्यार्थियों का यह पहला शैक्षणिक भ्रमण था जिसे ग्राम में गठित पर्यटन समिति द्वारा पूर्ण करवाया गया। भविष्य में भी कोटरा में इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण आदि आयोजनों की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।